गोहलपुर पुलिस ने 10 लाख के जेवर-वाहन किए बरामद, एक अन्य प्रकरण में 2 लाख का सामान जब्त

# सीसीटीवी फुटेज ने खोला राज घर की ही महिला निकली चोर

हरिभूमि, जबलपुर।

गोहलपुर थाना क्षेत्र में हुई चोरी की गुत्थी ने सभी को चौंका दिया। फरियादी के घर से गायब सोने-चांदी के जेवर और नगदी किसी बाहरी बदमाश ने नहीं बल्कि परिवार की ही महिला ने चुराए थे। पुलिस ने सतर्कता और सीसीटीवी फुटेज की मदद से इस राज़ से पर्दा उठाया और करीब 10 लाख रुपये का मशरूका व घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद कर लिया। गौरतलब है कि 24 जुलाई को फरियादी साजदा बी पति परवेज कुरैशी, निवासी अमखेरा रोड गली नंबर ए-15 ने घर के अंदर अलमारी से सोने-चांदी के जेवर और नगदी चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय और एएसपी आनंद कलांदगी ने तत्काल आरोपी की धरपकड़ के निर्देश दिए।

## जांच में टिकी शक की सुई

सीएसपी मधुर पटेरिया के मार्गदर्शन और टीआई रीतेश पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। जांच में शक की सुई घर की ही महिला 33 वर्षीय संजीदा पति अख्तर रशीद निवासी रजा चौक आधारताल पर जाकर टिक गई। कड़ी पूछताछ में उसने जुर्म कबूल किया और चोरी का पूरा माल पुलिस के हवाले कर दिया।



## महिला से बरामद सोना-चांदी

बरामद मशरूका में सोने के दो हार, दो कंगन, मंगलसूत्र, अंगूठियां, टॉप्स, लॉकेट, चैन, नथनी, बच्चे का हाय, चार जोड़ी पायल, चांदी के कंगन, चैन और तीन जोड़ी बिछिया शामिल हैं। चोरी में प्रयुक्त एक्सेस क्रमांक एमपी 20 यूए 4502 स्कूटर भी जब्त किया गया।

### एक अन्य गिरोह पर भी कसा शिकंजा

इसी क्रम में गोहलपुर पुलिस ने चोर गिरोह के कब्जे से 2 लाख रुपये का मशरूका भी बरामद किया, जिसमें सोने की बाली, मंगलसूत्र, मोबाइल फोन और एक लैपटॉप शामिल है।

### इनकी रही अहम भूमिका

पूरी कार्रवाई में टीआई रीतेश पाण्डेय, एसआई किशोर बागड़ी, एएसआई पंचमलाल यादव, महिला प्रआर रेखा चौहान, प्रआर शारदा मिश्रा, आरक्षक आलोक, गोपाल, अभिरजन, अमित पटेल, मुनित और हरेन्द्र की भूमिका सराहनीय रही।

खितौला डकैती कांड में 15 करोड़ का सोना गायब चार गिरफ्तारी के बाद भी हाथ खाली

# मालामाल डकैत अब भी फरार पुलिस के लिए चुनौती

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि, जबलपुर।

खितौला के इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक से 15 करोड़ का सोना और नकदी लूटने वाले डकैतों की तलाश पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। मकान देने वाले, दिलाने वाले और कथित मास्टरमाइंड रईस लोधी समेत चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं, लेकिन असली खिलाड़ी पेशेवर अपराधी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने पांचों फरार डकैतों की पहचान कर ली है और टीमें बिहार-झारखंड में दबिश दे रही हैं। दावा है कि गिरफ्तारी अब सिर्फ वक्त की बात है।

## दमोह में बंटवारा कर हुए अलग

डकैत दमोह पहुंचे और वहीं सोने का आपस में बंटवारा कर लिया। इसके बाद सब अलग-अलग दिशाओं में निकल गए। पुलिस को चकमा देने के लिए उन्होंने तुरंत मोबाइल फोन बंद कर दिए और लोकेशन ट्रैकिंग से बच निकले।

## रईस ने रची थी पूरी साजिश

गिरफ्तार रईस लोधी ने ही बाहरी अपराधियों को बुलाकर डकैती की रूपरेखा तैयार की थी। बैंक की गतिविधियों और इलाके की पूरी जानकारी उसने दी। उसका साथी बबलू ठाकुर स्थानीय मदद और संसाधन उपलब्ध कराता था, ताकि बदमाशों पर किसी का शक न हो।

## पुलिस का दावा

पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय का कहना है कि हमारे पास ठोस सुराग हैं। आरोपी ज्यादा दिन तक नहीं बच पाएंगे। सोना भी बरामद होगा और सभी सलाखों के पीछे होंगे।

डेंगू मलेरिया की रोकथाम हेतु लार्वा विनिष्टीकरण की कार्यवाही के लिए गठित टीम

# निगम के स्वास्थ्य विभाग ने किया 65 हजार रुपये का स्पॉट फाइन

जबलपुर।

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू, मलेरिया की रोकथाम हेतु शहर के सभी क्षेत्रों में लगे कूलरों, टायरों, पानी जमाव स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है, इसके साथ साथ बड़े छोटे नाला नालियों जहां लार्वा पाये जाने की संभावना रहती है वहाँ का भी सघन रूप से जाँच की जा रही है और जहाँ भी लार्वा पाया जाता है वहाँ दवाईयों का छिड़काव कराकर विनिष्टिकरण करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में उपायुक्त संभव अयाची और स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन ने बताया कि आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू मलेरिया की रोकथम हेतु लार्वा विनिष्टीकरण की कार्यवाही के लिए गठित टीम के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से रसल चौक स्थित 3 कमर्शियल प्रतिष्ठानों क्रमशः हुन्नार ग्राफिक्स संचालक के विरूद्ध 10 हजार, शिवालय लॉज संचालक के विरूद्ध 5 हजार एवं टायर वर्ल्ड संचालक के विरूद्ध कूलरों एवं टायरों के अंदर जमा पानी में लार्वा के किटाणु तैरते पाये जाने पर 50 हजार रूपये का जुर्माने की कार्यवाही करते हुए कुल 65 हजार रूपये का स्पॉट फाइन लगाया गया एवं लार्वा के किटाणुयों का विनिष्टीकरण कर अनेक स्थलों पर मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी कराया गया। उयुक्त संभव अयाची और स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन ने बताया कि यह कार्यवाही शहर में निरंतर जारी रहेगी जिससे मच्छर जनित मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों से नागरिकों को राहत मिल सके। कार्यवाही के समय मलेरिया प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धमेन्द्र राज, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक प्रितेश मसोड़कर, संदीप पटैल, स्वास्थ्य निरीक्षक अनंत दुबे, किशन दुबे, अभिषेक विश्वारी, सुपरवाईजर अनिल विछेल आदि उपस्थित रहे।



## घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने पर मामला दर्ज

**जबलपुर।** पनागर थानान्तर्गत कल पुलिस ने गश्त के दौरान परियट पिपरिया चाईना डेरी के पास एक युवक को असुरक्षित रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक इस्तेमाल करते हुए रंगेहाथों पकड़ा पूछताछ के दौरान युवक के पास घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग करने के संबंध में कोई कागजात नहीं मिले। पुलिस ने आरोपी के पास से एचपी गैस का एक आधा भरा सिलेण्डर एक तराजु व एक मोटर जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 287 बीएनएस तथा 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की। पनागर पुलिस ने बताया कि कल शाम पुलिस गश्त के दौरान परियट पिपरिया क्षेत्र में चाईना डेरी के पास अनुराग कोल घरेलू गैस सिलेण्डरका लापरवाही पूर्वक व्यावसायिक ईस्तेमाल करता दिखा पुलिस ने मौके से एक एचपी कम्पनी का गैस सिलेण्डर जब्त कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की।

तापमान के साथ उमस भी बढ़ी

# खंड-खंड बरस रहे लोकल बादल

जबलपुर।

मानूसनी सिस्टम कमजोर पड़ गया है, लोकल बादल बरस रहे हैं. लिहाजा पूरे शहर में एक सी बारिश नहीं हो रही है. कहीं पानी गिरता है, कहीं मौसम खुला रहता है. फिलहाल मौसम के मिजाज ऐसे ही बने रहते हैं. सोमवार को दोपहर में शहर के कुछ हिस्सों में तेज बारिश हुई वहीं कुछ इलाके सूखे रहे. मौसम विभाग का कहना है की बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उड़ीसा के ऊपर बन रहे चक्रवात के कारण अगले तीन-चार दिनों बाद मौसम के मिजाज बदलेंगे। एक बार मानसूनी बादल फिर सक्रिय होंगे और बारिश हो सकती है। तापमान में उछाल के कारण उमस भरी गर्मी का वातावरण बना हुआ है.

मौसम कार्यालय का कहना है कि जबलपुर व आसपास के जिलों में तेज बारिश की संभावना तो नहीं, लेकिन हल्की बूंदाबांदी जरूर हो सकती है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उड़ीसा में मानसूनी बादल तैयार हो रहे हैं, जो अगले 72 घंटे के बाद मध्यप्रदेश की ओर रूख कर सकते हैं। बादलों की मौजूदगी के बावजूद तापमान में निरंतर वृद्धि हो रही है। जिससे उसम भरी गर्मी का वातावरण बन रहा है।



### तापमान के साथ उमस बढ़ी

पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 24.6डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः 77 प्रतिशत और सायंकाल 75 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.48 बजे और सूर्यास्त शाम 6.39 मिनिट पर हुआ। वर्षा नहीं हुई। पिछले 24 घंटों के दौरान 1.4 मिमि वर्षा दर्ज की गई. 1 जून से अब तक कुल वर्षा 855.2 मिलीमीटर (34 इंच) दर्ज की जा चुकी है। गत वर्ष आज के दिन 43.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी जबकि कुल वर्षा 1009.3 मिलीमीटर हो चुकी थी। दक्षिण पूर्वी हवायें 5-6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर छुट-पुट बारिश हो सकती है।

## आंगनवाड़ी कायाकल्प अभियान पकडेगा गति

### बनेंगे अधिक आकर्षक व व्यवस्थित, जनता को भी जोडेंगे पूरी कवायद से

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने ओमती में पेशकारी स्कूल प्रांगण में स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र का दौरा किया। इस दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व विधायक अंचल सोनकर सहित अन्य गणमान्य नागरिक व संबंधित अधिकारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के आंगनवाड़ी कायाकल्प अभियान अंतर्गत एडवोकेट प्रदीप शर्मा द्वारा आंगनवाड़ियों के बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाते हुए आंगनवाड़ियों की सजावट कराकर बच्चों के लिए चेयर व थाली आदि आवश्यक संसाधन प्रदान किया। महापौर सिंह ने भी आंगनवाड़ियों को आकर्षक व सुव्यवस्थित बनाने के संबंध में कलेक्टर सक्सेना से चर्चा की।

157 वाहन चालकों से 48 हजार 800 रुपये जुर्माना वसूला, 42 पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर पुलिस की सख्ती

हरिभूमि, जबलपुर।

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शनिवार को यातायात पुलिस ने शहर में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों और अमानक नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की गई। चौंकाने वाली बात यह रही कि 42 पुलिसकर्मी भी नियम तोड़ते पकड़े गए, जिनके खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की गई।

## महत्वपूर्ण स्थानों पर चला अभियान

अभियान दोपहर 12 से 2 बजे तक शहर के प्रमुख स्थानों पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने, तीन पत्ती चौक, त्रिपुरी चौक और पुलिस लाइन गेट पर चलाया गया। यातायात पुलिस ने मौके पर ही चालान काटते हुए कुल 157 वाहन चालकों से 48 हजार 800 रुपये समन शुल्क वसूला।



## पुलिसकर्मी भी नहीं बचे

कार्रवाई का सबसे सख्त पहलू यह रहा कि आम नागरिकों के साथ-साथ पुलिस लाइन और एसपी ऑफिस आने वाले पुलिस कर्मचारी भी इसमें शामिल पाए गए। नियम तोड़ने वालों में 42 पुलिसकर्मी थे, जिनसे किसी तरह की रियायत नहीं बरती गई।

## जागरूकता भी साथ-साथ-

पुलिस ने न केवल चालान काटे बल्कि वाहन चालकों और राहगीरों को यातायात नियमों का महत्व समझाते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया।

## अधिकारियों की रही मौजूदगी-

कार्यवाही में एएसपी यातायात अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में डीएसपी गढ़ा बैजनाथ प्रजापति, डीएसपी घमापुर संगीता डामोर, टीआई यातायात एसडी सनोडिया सहित यातायात थाना स्टाफ मौजूद रहा।

## बिजली चोरी पर 3 वर्ष का कारावास ठोका 23 लाख से अधिक जुर्माना भी

**जबलपुर।** विशेष न्यायाधीश एनआर परमार की अदालत ने बिजली चोरी के आरोपित सतना निवासी नील गगन सिंह का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ तीन वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही 23 लाख 86 हजार 734 रुपये का जुर्माना लगा दिया। 823721 रुपये का सिविल दायित्व भी अधिरोपित किया। बिजली कंपनी की ओर से पैनल लायर डीके गौतम ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि शिकायत मिलने पर टीम मौके पर पहुंची। वहां मीटर का आउटर बाक्स सील व लोवर कवर सील नहीं पाए गए। दो सीलें बाक्स के अंदर टूटी रखी पाई गईं। मीटर की एमडी सील नहीं पाई गई। विद्युत कनेक्शन पावर मीटर डिस्प्ले व पल्स बंद पाए गए। जबकि औद्यागिक परिसर का विद्युत भार चालू पाया

हिस्ट्रीशीटर रज्जाक गैंग पर पुलिस का शिकंजा, गैंग के कई गुर्गे पहले ही सलाखों के पीछे

# 15 हजार का इनामी बदमाश महेश पटेल गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक गैंग पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। फरार बदमाश एक-एक कर पकड़े जा रहे हैं। ताज़ा कार्रवाई में पुलिस ने 15 हजार रुपये के इनामी बदमाश महेश पटेल (37) निवासी बिलपुरा रांझी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लंबे समय से फरार था और उस पर डकैती, अपहरण, फिरौती, मारपीट, अवैध वसूली, धोखाधड़ी और हथियारबंदी जैसे गंभीर अपराध दर्ज थे।

## पहले 10 फिर बढ़कर 15 हजार का इनाम

महेश पटेल की गिरफ्तारी पर शुरुआत में 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारी न होने पर डीआईजी जबलपुर रेंज अतुल सिंह ने इनाम बढ़ाकर 15 हजार रुपये कर दिया था। लगातार दबिश के बाद सोमवार को पुलिस को बड़ी सफलता मिली और आरोपी को अदालत में पेश कर केंद्रीय जेल भेज दिया गया।



## एक माह में गैंग के 10 सदस्य गए जेल

पुलिस ने पिछले महीने से अब तक अब्दुल रज्जाक गैंग पर लगातार कार्रवाई की है। 10 जुलाई को पुलिस ने गैंग सरगना रज्जाक के चार सदस्यों बेटा सरफराज, भाई मोह. महमूद, भतीजा अजहर और मोह. सज्जाद को गिरफ्तार किया था। इनके पास से बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज, पिस्टल और कारतूस बरामद हुए थे। इसके अलावा 25 जुलाई को 18 हजार का इनामी दिलीप चौधरी, 31 जुलाई को 15 हजार का इनामी रविन्द्र पटेल और 25 हजार का इनामी शाहिद अली उर्फ वालिया, 5 अगस्त को 10 हजार का इनामी मोहम्मद जमील, 8 अगस्त को 40 हजार का इनामी शेखू उर्फ अब्दुल सईद सबको सलाखों के पीछे पहुंचाया जा चुका है।

## गैंग पर लगातार कार्रवाई जारी

लगातार हो रही कार्रवाई से अब्दुल रज्जाक गैंग की कमर टूट चुकी है। पुलिस का दावा है कि शेष फरार बदमाश भी जल्द गिरफ्तार किए जाएंगे और इस कुख्यात गैंग का नेटवर्क पूरी तरह ध्वस्त कर दिया जाएगा।

## इनकी रही सराहनीय भूमिका

महेश पटेल की गिरफ्तारी में टीआई ओमती राजपाल बघेल, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, एएसआई नारायण पटेल, प्रधान आरक्षक रामजी पाण्डेय, दीपक मिश्रा और महिला आरक्षक रीना तिवारी की भूमिका सराहनीय रही।



# प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

## लंबित पत्र की समीक्षा बैठक आयोजित

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में लंबित पत्र की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।बैठक में कलेक्टर सक्सेना ने सभी विभागों के लंबित सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के साथ अन्य लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। विशेष रूप से 50 दिन से ऊपर की लंबित प्रकरणों की निराकरण के संबंध में ध्यान केंद्रित करें।


घर-घर बच्चों को कृष्ण स्वरुप में सजाया गया, ऐसे ही आकर्षक परिधान में शैली यादव



लफ़्ज़ वेलफेयर का सिहोरा स्टेडियम में आयोजन

# शिव शक्ति गोविंदाओं की टोली ने फोड़ी 31 फिट ऊंची दही हांडी

**सिहोरा।** शिव शक्ति समिति सिहोरा गोविंदाओं की टोली ने 31 फीट ऊंची दही हांडी फोड़कर इतिहास रच दिया। जैसे ही यह मटकी फूटी पूरा स्टेडियम जय कन्हैया लाल के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का आयोजन अरुणाभ घोष स्टेडियम में लगातार चौथे वर्ष लफ्ज वेलफेयर द्वारा किया गया था। जिसमें कुल पांच टोलियों ने हिस्सा लिया लेकिन विजेता बनकर इनाम की राशि 11000 हांसिल करने का श्रेय केवल एक टीम शिवशक्ति को मिला। वेलफेयर के राहुल पहारिया ने बताया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम में अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें फैंसी ड्रेस में राधा-कृष्ण के रूप में आए बच्चों को पुरस्कार व मटकी प्रतियोगिता की विजेता टीम को स्मृति चिन्ह राशी सहित अन्य प्रतिभागियों को पुरुस्कार रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद पंचायत अध्यक्ष, शारदा तिवारी नगर पालिका उपाध्यक्ष, पार्षद अजय बेटू शर्मा, वैभव पाण्डेय, शशांक पांडे, अभिषेक परोहा, विनय पटेल सरपंच जुनवानी, सुनील पटेल, विनय जैन, आयुष सेठी, रोहित यादव आदि ने प्रदान किए।



# कवि प्रेमदास बैरागी को नेपाल में मिला अंतर राष्ट्रीय साहित्य शिरोमणि सम्मान



**बरेला।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी साहित्य के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से कहानिका हिंदी पत्रिका के तत्वाधान में विगत दिवस नेपाल की राजधानी काठमांडू में अंतरराष्ट्रीय महाकवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें नगर के प्रख्यात महाकवि पंडित प्रेमदास बैरागी को उनकी दीर्घकालीन शिक्षा और साहित्य की विशिष्ट सेवा के लिए काठमांडू के पशुपतिनाथ काव्य महारथी सम्मान एवं अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मोदी चरितम के लिए विद्यासागर मानद उपाधि के साथ सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया ।पंडित प्रेमदास बैरागी की इस उपलब्धि से संस्कार भारती सहित नगर वासियों ने बधाई दी है।

# विवेक से जीवन लक्ष्य निर्धारित होगाः डॉ नरसिंह देवाचार्य



**पाटन।** ईश्वर ने हमें हाथ दिये है कर्म करने के लिए और विवेक दिया है यह निर्णय करने के लिए कि हमें जीवन में क्या करना चाहिए, क्या नहीं करना चाहिए। वेद - पुराण जो करने के लिए कहते है, वही धर्म जिसे करने से रोकते है वही अधर्म है अतः विवेक के साथ जीवन लक्ष्य निर्धारित करें मनुष्य को इस लिए भगवान ने विवेक सम्पन्न बनाया है, अन्य योनियों में संसार में आने जाने को रोककर मुक्ति का अधिकारी बनने का अवसर नहीं है उक्त उदगार नरसिंहपीठाधिश्वर डॉ नरसिंह देवाचार्य ने समीपी ग्राम महुआखेड़ा में विशाल धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। इसके पूर्व पाटन में मानस सत्संग परिवार पाटन व धर्म प्रेमियों ने भव्य स्वागत किया इस अवसर पर रणधीर सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र सिंह, घनश्याम बबेले, राघवेंद्र शुक्ल, अन्तु अग्रवाल, के के त्रिपाठी, रामसेवक अग्रवाल,व्रजमोहन सिंह, सुशील भुर्रक, पार्षद दीपक जैन,आदेश नंदेसरिया आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

# महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि मनाई



**जबलपुर।** माँ भारती के लिए समर्पित आजाद हिंद फ़ौज के संस्थापक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की पुण्यतिथि पर दयानंद शाखा द्वारा श्रीनाथ की तलैया स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर पं.यदुवंश मिश्रा,अनूप शुक्ला, संजय शुक्ला,दीना शर्मा,सुरेश अग्रवाल, उमेश विश्वकर्मा, राजेंद्र पटेल,आदि उपस्थित थे।

अभाविपा के आयोजन में जुटे आयुष विशेषज्ञ

# आरोग्य कुंभ सराहनीय प्रयास : राकेश सिंह



**जबलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिज्ञासा आयाम द्वारा आयोजित तीन दिवसीय जोनल कॉन्फ्रेंस और स्टेट आरोग्य फेयर का शुभारंभ प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सीएमआई के अध्यक्ष बीएल मेहरा व मध्य प्रदेश आयुर्वेद विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु अशोक खंडेलवाल ने किया। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि एबीवीपी ने जिज्ञासा मंच के माध्यम से आयुष क्षेत्र में काम करने वाले सभी प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाने का सराहनीय काम किया है. उन्होंने इस आयोजन को एक आरोग्य कुंभ बताते हुए विद्यार्थी परिषद की सराहना की. उन्होंने कहा कि स्वस्थ भारत के निर्माण में हमारे प्राचीन ज्ञान और ऋषियों के योगदान को संकलित करने में यह महत्वपूर्ण कदम है। एबीवीपी के प्रदेश मंत्री माखन शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम लर्न एंड प्रैक्टिस आयुष के उद्देश्य को सार्थक करने का एक प्रयास है. इस कॉन्फ्रेंस व आरोग्य मेले में 1500 से अधिक प्रतिनिधि अलग-अलग राज्यों से शामिल हो रहे हैं. तीन दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न विषयों पर चर्चा और वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा. आयोजन 20 अगस्त तक चलेगा. इस दौरान आम जनता को राज्य आरोग्य मेले में भी निःशुल्क चिकित्सा परामर्श का लाभ मिल सकता है. कार्यक्रम में पद्मश्री वेद वालिद प्रकाश जैसे कैंसर स्पेशलिस्ट, प्रसिद्ध नाड़ी विशेषज्ञ तपन कुमार और डॉ राजेश टक्कर जैसे कई वरिष्ठ विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं।




# गायत्री परिवार ने किया वृक्षारोपण

**मझौली।** पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए गायत्री परिवार के कलम राय के मार्गदर्शन में उनकी टोली द्वारा वृक्षारोपण, हॉस्टल में कन्या कौशल विकास और दीवाल लेखन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें गिरीश पालीवाल, राजेंद्र चौरसिया, आशीष तिवारी, कमल राय, वंदना राजपूत, पुष्पेंद्र कोष्टा, नोनेलाल कोष्टा, ओम प्रकाश शर्मा, संतोष नामदेव, बबलू नेमा, शिवम नेमा, सहित बड़ी संख्या बच्चे और सहयोगी उपस्थित हुए।

चालीसा व्रत महोत्सव की पूर्ण आहुति आज

# झूलेलाल मंदिर परिसर से भव्य मटकी शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जायेगी

**जबलपुर।** भरतीपुर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में चालीसा व्रत महोत्सव के समापन पर्व पर आज मंगलवार 19 अगस्त को विविध धार्मिक आयोजनों की धूम मचेगी। प्रातः 9 से 10 बजे तक जल-ज्योति की पूजा एवं धार्मिक अनुष्ठान होंगे तथा प्रातः 10 :30बजे सिंधी समाज के धर्मगुरू स्वामी रामदास महाराज (विष्णुधाम), स्वामी अशोकानंद जी महाराज (भक्तिधाम), स्वामी प्रदीप जी महाराज एवं विधायक अशोक रोहाणी के नेतृत्व में भव्य मटकी ज्योति शोभायात्रा, अपार श्रद्धा भक्ति एवं आस्था के साथ निकाली जायेगी। शोभायात्रा में भगवान झूलेलाल की झांकी, अन्य संतों की झांकी, बैण्डदल, धमाल पार्टी, चाचर नृत्य, सैला नृत्य, डांडिया नृत्य इसके मुख्य आकर्षण होंगे। आयोजन समिति के श्री उद्धवदास पारवानी, दिलीप तलरेजा एवं श्री राजकुमार कांधारी ने



बताया कि उन्होंने बताया कि मटकी ज्योति की शोभयात्रा श्री झूलेलाल मंदिर से प्रारभ हो कर गलगला, मुकदमगंज, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, से कॉफी हाउस से बड़ी ओमती से घंटाघर सिंधु भवन मे यात्रा का समापन होगा तत्पश्चात दोपहर 1 बजे भण्डारा होगा।

विगत दिवस पं.प्रदीप शर्मा एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत दूल्हे दरिया शाह मुजी बेडीपार लगा भजन सुनकर श्रृद्धालुगण थिरक उठे। सोमवार 18 अगस्त को जल ज्योति की पूजा एवं पल्लव प्रार्थना की गई। धार्मिक अनुष्ठानों में सर्वश्रीआयोजन समिति के उद्धवदास पारवानी,शमन असवानी दिलीप तलरेजा, राजकुमार कंधारी, ऋतू वासवानी, वेदिका, रतलानी, अनीता भाटिया, ममता, पिंकी, काजल खेमानी, सीमा भाटिया,वर्षा रामचंदनी, ऋतू रामचदानी व सभी अनुष्ठान मे शामिल हुए।

# स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण

**जबलपुर।** स्वतंत्रता दिवस के 79वें वर्ष पर मालगुजार परिसर, पूर्व विधानसभा क्षेत्र-97 में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजा चौरसिया ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इसके पश्चात भारत माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के तेल चित्र पर तिलक कर फूलमाला अर्पित की गई और प्रसाद चढ़ाया गया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक मिठाई बूंदी के लड्डू, लाई-चना और मुरमुरा उपस्थित जनता में वितरित किया गया। साथ ही वीर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। राजा चौरसिया ने जानकारी दी कि वे 17 अगस्त से रतन टाटा जी की स्मृति में साइकिल से भारत यात्रा पर निकलेंगे। यह यात्रा देशभर में प्रेरणा और राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के उद्देश्य से की जा रही है। कार्यक्रम में संरक्षक सुरेंद्र सिंह चौहान (गन्नू), समाजसेवी हीरालाल कुशवाहा, अंकित चौरसिया, अशोक कोस्टा, मुन्ना भव्य सेन, त्रिलोक सिंह चक्रेल, अरुण सेन, अर्जुन लोधी, अनिल रिमझा, सोनू कुशवाहा, ओमकार, आशीष विमल, जीतू विश्वकर्मा, हरिओम रैकवार, महेश कोस्टा, आयुष चौहान, साहिल कुशवाहा, आशीष विशाल कोस्टा, नीरज चौहान, नितिन चौहान, मीत चौहान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय बुजुर्ग और युवा साथी उपस्थित रहे।



## बलिदान दिवस मनाने बैठक 24 को

**सिहोरा।** पचेलगढ़ सामाजिक उत्थान सेवा समिति और महासभा के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव सभी ग्रामों के पदाधिकारी सदस्यों की उपस्थिति में भारत के अमर बलिदानी समाज के गौरव महाराजा शंकरशाह, कुँवर रघुनाथ शाह बलिदान दिवस 18 सितंबर के तृतीय वर्ष के कार्यक्रम हेतु बैठक 24 अगस्त रविवार को पचेलगढ़ देवी माई मढ़िया प्रांगण में रखी गई है जिसमें सभी से उपस्थिति की अपील की गई है।

## 342 पाव देशी शराब सहित मोटर सायकल जप्त

**जबलपुर।** कटंगी थाना अतंर्गत बेलखाडू चौकी में सिमरिया निर्माणाधीन रिंग रोड की पुलिया के पास अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 342 पाव देशी शराब और बाईक जब्त की है। कटंगी थाना प्रभारी श्रीमति पूजा उपाध्याय ने बताया कि चौकी बेलखाडू में मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिमरिया मनकवारा निर्माणाधीन रिंग रोड में एक बिना नंबर की बाईक में शराब लेकर सरोंद तरफ से आ रहे शिव मंदिर रांझी निवासी 19 वर्षीय प्रेम उर्फ सतीष भूमिया और केवट मोहल्ला रांझी निवासी 23 वर्षीय नवीन झारिया को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 342 पाव देशी शराब और बाईक जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 31 हजार रूपये बताई गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये मामला जांच में लिया है।

**श्री अरविंद मिश्रा-** सिहोरा, वार्ड क्रमांक 12 निवासी अरविंद मिश्रा का 64 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार आज मंगलवार को सुबह 9 बजे खितौला हिरन नदी स्थित मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे एडवोकेट अभिशंकर मिश्रा के पिता थे।

**श्रीमती विजया बाई मिश्रा-** खोखम शिवपुरा सतना निवासी श्री शिव शंकर मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती विजया बाई मिश्रा (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दविन्दर कौर बाहड़ा-** मदनमहल गुप्तेश्वर वार्ड निवासी श्री कमलजीत सिंह बाहड़ा की धर्मपत्नी श्रीमती दविन्दर कौर बाहड़ा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गंगा बाई झारिया-** भटौली गौरीघाट निवासी श्री बेड़ी लाल झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती गंगा बाई झारिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश प्रसाद बेन-** राधाकृष्णन वार्ड मरही माता मंदिर के पास निवासी श्री रमेश प्रसाद बेन (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शोभा साहू-** शारदा नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री हीरा लाल साहू की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा साहू का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गुलाब बाई परोहा-** शीतलामाई रवि डेयरी के पास निवासी श्री केशव प्रसाद परोहा की धर्मपत्नी श्रीमती गुलाब बाई परोहा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री छोटू मीठाभाई पटेल-** गंगा मैया व्हीकल निवासी श्री छोटू मीठाभाई पटेल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामनाथ जाट-** कंजड़ मोहल्ला पूर्वी बेलबाग निवासी श्री रामनाथ जाट (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**श्री सुभाष यादव-** सदर झिरिया निवासी श्री सुभाष यादव (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती इमरती देवी अग्रवाल-** अम्बेडकर कॉलोनी शांति नगर निवासी श्री राम स्वरूप अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती इमरती देवी अग्रवाल (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लक्ष्मण सेठी-** रामनगर रांझी निवासी श्री लक्ष्मण सेठी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संदीप साहू-** गौतम नगर सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री भैया लाल साहू के पुत्र श्री संदीप साहू (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विवेक कठेरिया-** द्वारका नगर नारायण चौक निवासी श्री विवेक कठेरिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रूपेश कुमार विनोदिया-** सन सिटी अधारताल निवासी श्री रूपेश कुमार विनोदिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बंशी लाल सिंह-** मलिक कम्पांड सदर निवासी श्री बंशी लाल सिंह (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुन्नी भानुमति-** बिलहरी निवासी श्री दुर्गा प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी भानुमति (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज:- 10x5 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- 10x5 से.मी. रंगीन 400/-
डबल साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

# विधायक अजय बिश्नोई ने की सफाई साथियों से चर्चा

**जबलपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा 13 अगस्त को मानस भवन से स्वच्छता संस्कार सफाई साथी आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। जिसके अनुक्रम में विधायक पाटन विश्नोई ने पाटन विधानसभा के चार सेक्टर के सफाई साथियों से चर्चा की। चार सेक्टर में से तीन सेक्टर जनपद पंचायत पाटन एवं एक जनपद पंचायत मझौली की है। उपस्थित सभी सफाई साथियों से उनके क्लस्टरों के बारे में सूक्ष्मता से जानकारी ली गई। सेक्टर के अंतर्गत आने वाले शासकीय संस्थाओं में स्थित शौचालय की जानकारी ली गई। इस मौके पर ही विधायक विश्नोई के द्वारा संबंधित सेक्टर के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर समस्या का निराकरण कराया गया एवं प्रक्रिया को सरल करने के सुझाव दिए गए। उनके द्वारा बताया गया कि शासकीय संस्थाओं में निर्मित शौचालय को कैसे बेहतर एवं क्रियाशील किया जा सकता है। उनके द्वारा उपस्थित सभी स्वच्छता साथियों के नाम, मोबाइल नंबर एवं सेक्टर की जानकारी नोट की गई एवं संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं सेक्टर के अधिकारियों को उनके द्वारा नोट कराया गया। इस दौरान जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज सिंह, जिला समन्वयक अरुण सिंह, ब्लॉक समन्वयक पाटन, मझौली एवं दिनेश चौरसिया जनपद पंचायत मझौली से उपस्थित रहे।

# मारपीट की वारदातों में 2 घायल

**जबलपुर।** मदनमहल और रांझी थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात बदमाशों ने दो युवक के साथ मारपीट कर चोटें पहुंचाकर जान से मारने की धमकी दी। मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुष्पक नगर अधारताल निवासी 30 वर्षीय सचिन गुप्ता गत रात लगभग 9 बजे अपने काम पर रेलवे स्टेशन पर स्टेंड पर बैठा था तभी ऋषि बर्मन अपने साथी नीरज रजक के साथ उसके स्टेण्ड पर आये और गाली गलोज करते हुये अवैध रूप से पैसों की मांग करने लगे, पैसे देने से मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये उसके साथ मारपीट कर उसकी चैन खींच दी, जो झूमाझपटी के दौरान कही गिर गई। मारपीट से उसके गर्दन एवं शरीर में चोटे आ गयी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह रांझी में ग्राम चुप्पेपुर थाना करछन्नाना जिला प्रयागराज उप्र निवासी 38 वर्षीय गमशेर यादव मोहनिया गांधी चौक में अंग्रेजी शराब दुकान में गद्दीदार है। गत रात लगभग 10।30 बजे जब वह शराब दुकान पर था तभी विक्की ठाकुर शराब दुकान के अंदर आया और एक बाटल शराब मांगने लगा, उसने मना किया तो दुकान चलाना है तो एक बाटल अंग्रेजी शराब देना पड़ेगा कहने लगा, मना करने पर विक्की ठाकुर उसके साथ गाली गलोज कर मारपीट कर दी और कान के पास चोट पहुंचाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 115(2), 351(2), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# बदमाशों ने बका से किया हमलाः 4 घायल, सिगरेट देने से मना करने पर रिसोर्ट में वारदात

**जबलपुर।** बरगी थाना अतंर्गत दोस्त की बर्थ डे पार्टी में एसएसबी रिसोर्ट के बाहर सिगरेट देने से मना करने पर चार बदमाशों ने चार युवकों के साथ मारपीट कर बका से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। चारों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारपीट करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष भी शामिल है। कहा जा रहा है कि मारपीट में भाजपा मंडल अध्यक्ष को भी चोट आई है। बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाई का बगीचा निवासी 27 वर्षीय आशुतोषनाथ उर्फ बिट्टू का परिवार बरगी नगर में रहता है जहां वह आता जाता है। गत दिवस वह अपनी स्विफ्ट कार से दोस्त अभिलाष चौधरी और विष्णु रजक के साथ बरगी आया था। रात लगभग 10 बजे अभिलाष चौधरी, विष्णु रजक, राहुल पाठक एवं वृति शुक्ला के साथ स्टेण्ड पर चाय पी रहा था, तभी प्रशांत पटैल का फोन आया और शरद यादव के बर्थडे पार्टी में एसएसबी रिसोर्ट में बुलाया, वह अपने दोस्तों के साथ एसएसबी रिसोर्ट के बाहर पहुँचा, जहां पर अंकित उर्फ छोटू पटैल ने अभिलाष से सिगरेट मांगी अभिलाष ने सिगरेट देने से मना किया तो इसी बात पर अंकित पटैल, अभिलाष को गालियां देने लगा, तब विष्णु रजक एवं आशुतोषनाथ ने समझाया तो और विवाद करते हुए अंकित ने अपने दोस्तों को फोन करके बुला लिया, कुछ समय बाद एक स्कार्पियो में राजेन्द्र पटैल, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू उर्फ राकेश आर्मो और संगम यादव आये और आते ही मारपीट करना शुरू कर दिये राजेन्द पटैल ने बका से राहुल पाठक और विष्णु रजक पर हमला कर चोटे पहुंचा दी, अंकित पटेल, गोलू आर्मो, राजेन्द्र और संगम ने जान से मारने की नियत से अभिलाष एवं विष्णु रजक पर हमला कर घायल कर दिया।

## पुलिस लापरवाही पूर्वक चला रही थी वाहन : विधायक करहि

# पुलिस के वाहन से बच्चे की मौत!

## भीड़ ने सब इंस्पेक्टर को जमकर पीटा

हरिभूमि न्यूज लांजी।

**बालाघाट में तेज रफ्तार पुलिस वाहन ने 8 साल के बच्चे को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। इधर, गुस्साए लोगों ने वाहन के ड्राइवर और उसमें सवार सब इंस्पेक्टर के साथ मारपीट की और उनके कपड़े फाड़ दिए।**





ये घटना जिले के लांजी थाना क्षेत्र के भिमोड़ी गांव में रविवार शाम करीब 5 बजे की है। मृतक बच्चे का नाम राजकुमार गरुड़े है। उसकी मौत के बाद सोमवार को परिजन ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। प्रशासन से मुआवजे की मांग की।

इधर, हंगामे की सूचना मिलने पर विधायक राजकुमार कर्राहे, एसडीएम कमल सिंह, एसडीओपी अभिषेक और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने परिजन को समझाइश देकर प्रदर्शन खत्म कराया। मृतक राजकुमार के परिवार को अंतिम संस्कार के लिए सहायता राशि दी गई। साथ ही सरकारी योजनाओं के तहत हरसंभव आर्थिक मदद का भरोसा दिया, तब जाकर परिवार ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया।

दरअसल, रविवार को गांव के लोग कृष्ण प्रतिमाओं का विसर्जन करने जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार पुलिस वाहन (MP 50 ZA 9919) ने बालक राजकुमार को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने डायल 100 और एंबुलेंस को कई बार कॉल किया, लेकिन वे समय पर नहीं पहुंचे। बाद में वन विभाग के एक वाहन से बच्चे को लांजी के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इधर, हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस वाहन में तोड़फोड़ कर दी। इतना ही नहीं वाहन के ड्राइवर राहुल मेश्राम और उसमें सवार सब इंस्पेक्टर मनोज तरवरे को जमकर पीटा। उनके कपड़े तक फाड़ दिए। मारपीट से सब इंस्पेक्टर घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पुलिस वाहन बालाघाट से एफएसएल टीम को लेकर एक सरकारी काम से जा रहा था।

इस घटना पर नाराजगी जाहिर करते हुए विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा कि पुलिस लोगों को धीरे वाहन चलाने की सलाह देती है और खुद तेज रफ्तार में गाड़ी चला रही है। उन्होंने आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### इनका कहना हैं

वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस वाहन को विभाग के काम के लिए अधिगृहित किया गया था। एसआई और चालक के साथ हुई मारपीट की घटना की जांच की जा रही है।

**ओमप्रकाश, एसडीओपी**

## नाचती-गाती छात्रा आखिर कैसे चल बसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

निवास के पास स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा शिल्पा मरावी अब हमारे बीच नहीं रही। जबलपुर में इलाज के बाद उसे नागपुर रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिले में मंत्री,सांसद, विधायक, और अन्य आदिवासी नेताओं के रहते पनपे भ्रष्ट तंत्र से यह सिर्फ एक बच्ची की ही मौत नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध बेरुखे शासन प्रशासन की लापरवाही की शर्मनाक मौत है। उक्त मामले की फौरी पड़ताल में छात्रावास पहुँचे अधिकारियों की आंखों में आंखे डालकर एक प्राचार्य पति घटना पर सुप्रबंधन की दुहाई देता रहा और फिर मामला बिगड़ता देख अपनी कार से भाग गया, पर किसी भी अधिकारी ने इससे ये पूछने की हिमाकत नहीं की कि तुम यहाँ किस हैसियत से गधे की सींग दिखाई दे रहे हो, और न ही इस पर अभी तक कोई कार्रवाई ही की गई है, जबकि प्रभारी प्राचार्य खुद बयान दे रहीं हैं कि प्राचार्य की अनुपस्थिति में प्राचार्य पति ही छात्रावास का प्रबंधन सम्हालते हैं। ज्ञात हो कि स्वतंत्रता दिवस के दिन छात्रा को बुखार के साथ बेहोशी की स्थिति में निवास स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था, उक्त घटना की जानकारी मिलते ही गोंगपा के नेता निवास थाना पहुँचकर अधिकारियों से सिस्टम में सुधार और पीड़ित परिजनों के सदस्य को नोकरी दिये जाने व भविष्य में इस तरह की घटना न होने की लिखित मांग कर रहे थे।

## उबलती दाल की चपेट में आई 9 माह की मासूम, इलाज के दौरान तोड़ा दम



**रीवा।** शहर के बिछिया थाना अंतर्गत सिलपरा गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 9 माह की मासूम बालिका उबलती दाल की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे तत्काल शहर के संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिल्पी साकेत नामक महिला अपने घर में खाना बना रही थी। इस दौरान उसकी नौ माह की पुत्री घर में ही खेल रही थी। बताया जा रहा है कि शिल्पी कुकर में दाल पका रही थी और पानी लेने के लिए बाहर गई थी। उसी समय किसी कारणवश दाल से भरा कुकर पलट गया और उबलती दाल सीधे बच्ची के ऊपर गिर पड़ी। दुर्घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। बच्ची को गंभीर हालत में तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन शरीर का बड़ा हिस्सा झुलसने के कारण उसे बचाया नहीं जा सका। मासूम की मौत के बाद घर में मातम पसरा हुआ है। वहीं, इस दर्दनाक हादसे को लेकर शिल्पी साकेत के ससुराल पक्ष के कुछ लोगों ने उस पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि छोटी बच्ची को अकेले छोड़ना गैरजिम्मेदाराना था, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही बिछिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और पूरे घटनाक्रम की विस्तृत पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकेगा।

## तालाब में मिला नगर परिषद कर्मचारी का शव, पुलिस जांच में जुटी

बिजावर।

नगर परिषद बिजावर में कार्यरत कर्मचारी सचिन चौबे का शव रविवार को ककरेहटी तालाब से बरामद हुआ। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। परिजनों के अनुसार, सचिन चौबे रविवार शाम से लापता थे। देर रात तक जब वे घर नहीं लौटे तो परिजन थाने पहुंचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। सोमवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि तालाब के पास एक लावारिश बाइक खड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक की पहचान परिजनों द्वारा की गई। साथ ही स्थानीय लोगों ने भी बताया कि रविवार शाम को सचिन को तालाब के पास देखा गया था। इसके बाद पुलिस ने चारों ओर तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। चूंकि तालाब पानी से भरा हुआ था, इसलिए छतरपुर से एसडीईआरएफ की टीम को बुलाया गया।

## नीला पड़ा शरीर, पुलिस को पोस्ट मार्टम रिपोर्ट का इंतजार

# हॉस्टल में 7 वर्षीय बच्चे की हुई मौत, मामला संदिग्ध

छतरपुर

**जिले के बमीठा थाना क्षेत्र में ग्राम गंज के ज्ञान गंगा हॉस्टल में सोमवार को एक 7 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामला संदिग्ध इसलिए है, क्योंकि मौत के बाद बच्चे का शव नीला पड़ गया था। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।**



प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम घूरा निवासी बबलू पटेल का 7 वर्षीय पुत्र अनुराग पटेल गंज के ज्ञान गंगा हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता था। सोमवार की सुबह जब अनुराग को जगाने की कोशिश की गई, तो वह मृत पाया गया, साथ ही उसका शरीर भी नीला पड़ चुका था। सूचना मिलने के बाद बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय ने पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी ने बताया कि बच्चे का शरीर का नीला पडऩा जहर या दम घुटने का संकेत हो सकता है, लेकिन सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता चलेंगे। पुलिस ने हॉस्टल प्रबंधन से भी पूछताछ की है।

## एमडी पावडर की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने पकड़ा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एमडी पावडर की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 07 ग्राम एमडी पावडर जब्त किया है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 70,000 रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही आरोपियों के पास से एक बाइक, मोबाइल फोन और अन्य सामान भी जब्त किया गया है।**



जिले में बीते कुछ समय से युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में फंसती जा रही है। कई युवक नशे के कारण आपराधिक गतिविधियों में भी लिप्त हो रहे हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुश्री शिमाला प्रसाद ने पूरे जिले में एक विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और नगर पुलिस अधीक्षक पूजा पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम ने जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नागपुर (महाराष्ट्र) से कुछ तस्कर एमडी पावडर लेकर सिवनी आ रहे हैं। सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी किशोर वामनकर ने अपनी टीम के साथ जिले में जगह-जगह नाकाबंदी कर दी। 15 अगस्त की शाम, पुलिस ने खैरीटेक के पास फॉरेस्ट बैरियर पर संदिग्ध युवक को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से एयरटाइट पन्नी में रखा एमडी पावडर मिला। पकड़े गए आरोपी की पहचान हर्षद उर्फ शनि डहरवाल (32), निवासी खवासा जिला सिवनी के रूप में हुई।

### युगांडा की धरती में भी बही सनातन की बयार

## बागेश्वर महाराज ने तीन दिनों तक सुनाई श्री हनुमंत कथा, अभीभूत हुए भक्तगण

**छतरपुर।** बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपनी विदेश यात्रा के तहत इन दिनों पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा में है। महाराज श्री कहीं भी रहे लेकिन वह अपने देश की खुशबू जरूर बिखेरते हैं। पूर्वी अफ्रीकी देश पहुंचे युगांडा में उन्होंने पहले दिन राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इंडिया हाउस में ध्वजारोहण के दौरान मुख्य अतिथि बनकर भारत माता का जय घोष किया। महाराज श्री ने कहा कि हमारा भारत वसुधैव कुटुंबकम की भावना रखता है। यह शास्त्र संपन्न के साथ ही शस्त्र संपन्न है। जरूरत पडने पर किसी के लिए जान देता है तो किसी को सुधारने के लिए घर में घुसकर जवाब देना जानता है। युगांडा में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों के साथ-साथ युगांडा के मूल निवासियों को भी महाराज श्री ने श्री हनुमंत कथा सुनाई। भारत से युगांडा पहुंचे महाराज श्री युगांडा स्थित इंडिया हाउस में राष्ट्रगान के साथ पर्व का शुभारंभ किया। इसके बाद महाराज श्री का उद्बोधन हुआ। महाराज श्री ने कहा कि भारत से भले ही युगांडा काफी दूर हो लेकिन दिल के नजदीक है। उन्होंने कहा मुस्कुराते रहिए और तिरंगा लहराते रहिए। महाराज श्री ने कहा कि वे भगवान से प्रार्थना करते हैं कि युगांडा संपन्न बने। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीयों की पहचान है मुस्कुराहट। जब हम फोटो खिंचवाने के लिए मुस्कुराते हैं तो जीवन



खुशहाल बनाने के लिए जरूर मुस्कुराए। संस्कृति से जुड़े रहने की बात भी उन्होंने कही। महाराज श्री ने इंडिया हाउस में मौजूद सभी वायु सेना तथा नौसेना के अलावा अन्य भारतीयों को आशीर्वाद दिया। युगांडा में सनातन की बयान बहती दिखाई दी। यहां रहने वाले भारतीय मूल के लोग सनातन मय हो गए।

## अंधेरे का फायदा उठाकर पत्नी हुई लापता

**अमान गज** रामनाथ आदिवासी पिता सियाराम आदिवासी उम्र 24 साल निवासी बांधीकला थाना अमानगंज जिला पन्ना का रहने वाला ने बताया कि बीती रात मैं तथा मेरी पत्नि भारती आदिवासी उम्र 21 साल की दोनों लोग खाना पीना खाकर कमरे में सो गये थे जब रात करीब 1 बजे लाईट चली गई तो मेरी नींद खुली तो पत्नि भारती कमरे में नही थी तब मैंने अपनी पत्नि की तलाश आस पास गांव में पता किया लेकिन पत्नि का कोई पता नही चला तब मैंने अपनी माँ राधा बाई को बताया कि भारती घर में नही है फिर मैं अपनी पत्नि का तलास पतारसी आस पास रिस्तेदारियों में फोन लगाकर पता किया लेकिन कोई पता नही चला मेरी पत्नि भारती का पता नहीं चला।

### थाना क्षेत्र के सिलचट गांव की घटना, महिला की हालत गंभीर

## कमरे में सो रही महिला को दो सर्पों ने एक साथ डसा, एक को परिजनों ने पकड़ा दूसरा भाग निकला

रीवा।

जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलचट गांव में रविवार तड़के एक चौंका देने वाली घटना सामने आई, जहां कमरे में सो रही एक महिला को दो जहरीले सांपों ने एक साथ डस लिया। परिजनों की सतर्कता से एक सर्प को जीवित पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। डंसे जाने के बाद महिला की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे उपचार के लिए तत्काल एसजीएमएच में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता की पहचान पुष्पा केवट पत्नी राममणि केवट के रूप में हुई है, जो बीती रात घर के भीतर अपने कमरे में सो रही थीं। तड़के करीब 3 बजे



जब वह गहरी नींद में थीं, तभी अचानक उनकी तेज चीख सुनाई दी। शोर सुनकर जागे परिजन तत्काल कमरे की ओर दौड़े और वहां का दृश्य देख सन्न रह गए। परिजनों ने बताया कि पुष्पा को दो सर्पों ने शरीर के कई हिस्सों में डंसा था। उनमें से एक सांप महिला के शरीर से लिपटा हुआ था, जिसने उसे इस कदर जकड़ लिया था कि वह खुद को छुड़ा नहीं पा रही थी। वहीं दूसरा सर्प डंसने के बाद तेजी से कमरे से बाहर निकलकर अंधेरे में गायब हो गया। परिवार के सदस्यों ने साहस दिखाते हुए रसोई में इस्तेमाल होने वाले चिमटे की सहायता से पहले सांप को अलग किया और किसी तरह उसे एक डिब्बे में बंद कर सुरक्षित कर लिया। इसके बाद आनन-फानन में घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक, महिला की हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें समय रहते इलाज नहीं मिला होता तो स्थिति और भी भयावह हो सकती थी।

**सांपों के एक साथ डंसने की घटना से गांव में दहशत:** इस डरावनी घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। एक साथ दो सर्पों द्वारा किसी व्यक्ति को डंसने की यह घटना इलाके में पहली बार सामने आई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अक्सर बरसात के मौसम में सांप घरों में घुस आते हैं, लेकिन इस तरह एक साथ दो सांपों का हमला और महिला को जकड़ लेना अब तक नहीं देखा गया था।

# सरकारी अस्पताल में लापरवाही की इंतहा: पोते के लिए ड्रिप पकड़कर खड़ी रही बुजुर्ग दादी, एंबुलेंस भी धक्का देकर की स्टार्ट

**सतना।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली एक बार फिर सामने आई है। सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में अस्पताल प्रबंधन की घोर लापरवाही देखने को मिली,जहां एक घायल पोते के लिए ड्रिप लगाने का स्टैंड तक उपलब्ध नहीं था। मजबूरी में 72 साल की एक बुजुर्ग महिला को अपने हाथ में आधे घंटे तक ड्रिप की बोतल पकड़कर खड़ा रहना पड़ा। अस्पताल का स्टाफ इस दौरान मूकदर्शक बना रहा। मैहर में हुए एक सड़क हादसे में घायल अश्वनी मिश्रा को इलाज के लिए सतना जिला अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने उन्हें ड्रिप लगाने की सलाह दी,लेकिन अस्पताल में एक भी ड्रिप स्टैंड मौजूद नहीं था।मरीज के साथ आई उनकी 72 वर्षीय दादी को अपने पोते की जान बचाने के लिए खुद ही ड्रिप की बोतल को हाथ में पकड़कर रखना पड़ा। यह घटना अस्पताल प्रबंधन की लचर व्यवस्था और असंवेदनशीलता का जीता-जागता प्रमाण है। यह पहला मौका नहीं है जब सतना के जिला अस्पताल से ऐसी लापरवाही की खबरें आई हैं।





इससे पहले भी मरीजों को स्ट्रेचर और बेड न मिलने की शिकायतें आम रही हैं। रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज यहां इलाज के लिए आते हैं,लेकिन स्टाफ की लापरवाही के चलते उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं,सतना जिले की 108 एंबुलेंस सेवा का भी बुरा हाल है। इमरजेंसी के समय मरीजों को अस्पताल तक ले जाने के लिए एंबुलेंस चालू तक नहीं हो पाती। हाल ही में एक ऐसी ही घटना की तस्वीर सामने आई है,जिसमें कुछ लोग 108 एंबुलेंस को धक्का लगाकर स्टार्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि मरीज को समय पर इलाज मिलना कितना मुश्किल है। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए घायल की दादी ने बताया कि उन्हें आधे घंटे तक ड्रिप की बोतल पकड़कर खड़ा रहना पड़ा,क्योंकि वहां कोई स्टाफ मदद के लिए नहीं आया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब जिला मुख्यालय के सबसे बड़े अस्पताल का यह हाल है,तो ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सुविधाओं का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह घटना सरकार और स्वास्थ्य विभाग दोनों के लिए एक बड़ा सवाल खड़ा करती है कि आखिर आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं कब मिलेंगी।

## तीर्थदर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को जाएगी द्वारका और सोमनाथ

**रीवा।** शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को एक तीर्थस्थान की निःशुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है। इस योजना के द्वारा 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को निःशुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है। इस योजना के तहत रीवा जिले के 200 बुजुर्गों कों 25 अक्टूबर को द्वारिका और सोमनाथ की तीर्थयात्रा का अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी अधिकारी धर्मस्व तथा संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले ने बताया कि तीर्थदर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। यह ट्रेन 31 अक्टूबर को वापस लौटेगी। इसमें रीवा के 200 बुजुर्गों के साथ-साथ मऊगंज जिले के 179, सतना के 200 तथा मैहर जिले 200 बुजुर्गों को निःशुल्क तीर्थयात्रा कराई जाएगी। तीर्थयात्रियों को सहयोग देने के लिए प्रत्येक जिले से चार अनुरक्षक भी उनके साथ जाएंगे। संयुक्त कलेक्टर ने बताया कि आवेदक बुजुर्ग को आयकर दाता नहीं होना चाहिए। पात्र बुजुर्ग अपनी जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय अथवा नगरीय निकाय में 13 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी के माध्यम से तीर्थयात्रियों का चयन किया जाएगा।

